तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 6 अक्टूबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



आदि कर्मयोगी अभियान : जिले के 315 ग्रामों का विजन 2030 विशेष ग्राम सभाओं में हुआ पारित

4




**खबर संक्षेप**

## क्षेत्र में शुरू हुई मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना

**राजपुर।** प्रदेश के साथ ही विकासखंड में भी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का उदघाटन किया गया। इस योजना के तहत जिले में भी 2 रूट में योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण बस संचालित होगी। जिससे ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाने और उनके विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगी। विकासखंड में राजपुर-परसगुड़ी-चिलमाकला-नसिंगपुर जबकि रामानुजगंज क्षेत्र में रामानुजगंज-बहरचुरा, चरगड-चेरवादेही-भितर चुरा के बीच बस का संचालन किया जाएगा। पहले दिन भाजपा नेता व नरसिंहपुर उप सरपंच सतीश सिंह व स्थानीय लोगों ने गाड़ी को हरी झंडी दिखाई गई।इन रूटों में बस के संचालन से ग्रामीण अंचल के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जिला मुख्यालय तक पहुंचने में समय की बचत होगी। ग्रामीण अंचल में सड़क परिवहन की सुविधा की कमी लंबे समय से ग्रामीणों की समस्या रही है। लेकिन शासन के जन हित योजना अन्तर्गत समस्याओं का समाधान किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाना है।

## मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**रामानुजगंज।** पिछले तीन दिनों से रूक-रूक कर हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। लगातार हो रही तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं वहीं कन्हर नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ गया है जिससे निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। लगातार बारिश से नगर के वार्ड क्रमांक 11 में खाली पड़ा एक मिट्टी का मकान अचानक ढह गया। हादसे के समय घर के पास ही एक व्यक्ति सोया था। मकान गिरने की आवाज सुनते ही वह भाग निकला। मोहल्लेवासियों ने बताया कि घटना देर रात करीब 2:30 बजे की है। घर गिरने की तेज आवाज से मोहल्ले में दहशत फैल गई थी। मूसलधार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। संपर्क मार्गों पर पानी भरने से आवाजाही में दिक्कतें हो रही है। कई कच्चे मकानों में पानी घुसने की खबरे भी सामने आई हैं। प्रशासन ने निचले इलाकों में निवासरत ग्रामीणों से सतर्कता बरतने और आवश्यकता होने पर ऊंचे व सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने का अह्वान किया है। इसी तरह बारिश का दौर जारी रहा तो कन्हर नदी का जलस्तर और अधिक बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने की संभावना जताई जा रही है। प्रशासन की निगरानी टीमें लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं और राहत-बचाव कार्यों की तैयारी पूरी कर ली गई है। नपा परिषद् के अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है, लेकिन नगर में हालात नियंत्रण में है। नगर पालिका की टीम पूरी तरह अलर्ट पर है और बारिश के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

### कवि सम्मेलन में कविताओं ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया

# गरबा महोत्सव में युवक-युवतियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बालाजी जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव का समापन बड़ा ही शानदार रहा।

इस वर्ष गरबा करने वाले प्रतिभागी बहुत सी उत्साही नजर आए और जशपुर में समिति द्वारा आयोजित गरबा का आनंद लेते रहे एवं माता की भक्ति में लीन रहे 9 दिनों तक चले इस आयोजन में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया बालाजी जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव का यह वर्ष लगातार 21वां वर्ष था जिसमें 800 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था और प्रतिदिन सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया इस आयोजन में जशपुर की जानी-मानी म्यूजिकल ग्रुप बालाजी म्यूजिकल कि ग्रुप एवं खगेश कुमार ⏭ शेष पेज 4 पर




### कार्यक्रम का सफल संचालन

नवरात्रि गरबा महोत्सव 2025 में लगातार 9 दिनों तक एवं विराट कवि सम्मेलन म्यूजिकल नाइट के समस्त कार्यक्रमों का मंच पर सफल संचालन बालाजी जनगणना समिति के कार्य करता है एवं जयपुर की जाने माने एंकर संतोष स्वर्णकार प्रतीक श्रीवास्तव एवं मनोज गौतम जी के द्वारा किया गया।

### पहली बार जशपुर में विश्व स्तरीय कवियों का आगमन हुआ

दशहरे के शुभ अवसर पर पहली बार जशपुर में दशहरे के दूसरे दिन भारत देश के विश्व स्तरीय चार कवियों का आगमन हुआ जिनको सह सम्मान बालाजी जनकल्याण समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत करते हुए नगर में उत्साह के साथ प्रवेश कराया श्री दिनेश बावरा मुंबई से श्री एहसान कुरैशी मुंबई से श्री रोहित शर्मा मुंबई से तथा पद्मिनी शर्मा दिल्ली से जशपुर में अपनी कविता पढ़ने के लिए लोगों को हंसाने के लिए उपस्थित हुए तथा बहुत बेसब्री से जशपुर वासियों को इनका इंतजार था इस स्तर के कवियों का पहली बार बालाजीजनकल्याण समिति के मंच पर आगमन हुआ था उनके शानदार स्वागत को देखते हुए सभी कवियों ने समिति का एवं जशपुर वासियों का सादर अभिवादन किया और बताया कि जैसा स्वागत जशपुर में हम सबका हुआ है भारत के किसी भी कोने में हमारा स्वागत ऐसा नहीं हुआ जशपुर सच में लाजवाब है और यहां के लोग बहुत ही शानदार हैं।

## चोरी की बुलेट के साथ पकड़ा गया आरोपी, पुलिस ने भेजा जेल

**जशपुरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पत्थलगांव पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की गई रॉयल इनफील्ड बुलेट मोटर सायकल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, पत्थलगांव निवासी विनोद रोहिला ने दिनांक 21 जुलाई 2025 को थाना पत्थलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी रॉयल इनफील्ड बुलेट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एवाई 1810 बस स्टैंड स्थित उनकी दुकान शू वर्ल्ड के सामने से चोरी हो गई है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई की रात करीब 8.30 बजे उन्होंने अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल को दुकान के बाहर खड़ा किया और घर चले गए थे। रात में सब कुछ सामान्य था, लेकिन अगले दिन सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी बाइक का कोई पता नहीं चला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। मामले में पत्थलगांव पुलिस सक्रियता ⏭ शेष पेज 4 पर



■ पत्थलगांव पुलिस की मुस्तैदी से चोर गिरफ्तार

# झगरपुर तितली पहरी लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के चर्चित झगरपुर-तितली पहरी रोड लूटकांड का जशपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त लाल रंग की स्विफ्ट कार भी जब्त कर ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान कैलाश यादव उर्फ कृष्णा यादव (25 वर्ष), निवासी झगरपुर, पहलू राम (32 वर्ष), निवासी रायकेरा के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध थाना बगीचा में बीएनएस की धारा 126(2), 140(2), 309, 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**ऐसे हुआ था लूट:** प्रार्थी प्रदीप नागेश (19 वर्ष) निवासी ग्राम कोट, जिला सरगुजा ने 3 अक्टूबर को थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 2 अक्टूबर की रात अपने फूफा के घर ग्राम अंबाडांड आया था। रात करीब साढ़े 9 बजे वह अपने दो साथियों के साथ गांव लौटने निकला था। वह हीरो ड्रीम युवा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 यूई 0132 चला रहा था और उसके साथी दूसरी बाइक पर पीछे आ रहे थे। झगरपुर-तितली पहरी जंगल रोड के पास अचानक एक लाल स्विफ्ट डिजायर क्रमांक सीजी 14 एमआर 8526 ने उसकी बाइक रोक ली। कार से दो व्यक्ति डंडा लेकर उतरे और प्रदीप से मारपीट की। एक आरोपी ने उसकी जेब से मोबाइल निकाल लिया और बाइक लूटकर भाग गया, जबकि दूसरा आरोपी प्रदीप को कार में जबरन बैठाकर 2-3 घंटे तक इधर-उधर घुमाता रहा और बाद में बगीचा तिराहा में उतार कर फरार हो गया।



### रंग और हुलिए ने सुलझाया मामला

शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। प्रार्थी द्वारा बताए गए लाल रंग की कार और आरोपियों के हुलिए के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू की। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और टेक्निकल टीम की भी मदद ली गई। इसी दौरान सूचना मिली कि झगरपुर निवासी कैलाश यादव उर्फ कृष्णा यादव की लाल स्विफ्ट कार संदिग्ध है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे ग्राम बगडोल के पास कार सहित पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर साथी आरोपी पहलू राम को रायकेरा से गिरफ्तार किया गया।

### आरोपियों ने किया अपराध स्वीकार,गए जेल

पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई हीरो ड्रीम युवा मोटरसाइकिल ,मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयुक्त लाल स्विफ्ट डिजायर कार बरामद कर जब्त की है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की कार्रवाई एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संतलाल आयाम, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र मिंज व अनिल कुमार कामड़े तथा आरक्षक मुकेश पांडे की अहम भूमिका रही।

# सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

दशहरा मैदान कुनकुरी में सनातन धर्म समिति के द्वारा बनाए गए रावण पुतले को मुख्य अतिथि एवं राम लक्ष्मण के पहुंचने के पूर्व प्रथा का उल्लंघन करते हुए रावण समिति के अनुमति के बिना जलाने एवं विवाद उत्पन्न करने व सामाजिक सोहार्द बिगड़ने, लड़ाई झगड़ा गाली गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के अपराध कार्य करने एवं जन सुरक्षा को ताक पर रखने की धाराओं के अंतर्गत थाना कुनकुरी में रावण समिति के सदस्यों की शिकायत पर व्यावसायी पंकज अग्रवाल पिता मुरारी लाल अग्रवाल के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया गया है। पंकज अग्रवाल एवं उसके बड़े भाई नीरज अग्रवाल के ऊपर धारा 296 315 (2) 351 (2) 300,3(5) के अंतर्गत विभिन्न आपराधिक धाराओं में अपराध पंजीकृत कर दिया गया है। जैसे ही पंकज अग्रवाल एवं नीरज अग्रवाल को पता चला कि उसके ऊपर विभिन्न धाराओं में थाना कुनकुरी में एफआईआर दर्ज हो गई है तब से पंकज अग्रवाल एवं उसका भाई नीरज अग्रवाल दोनों फरार चल रहे हैं।

थाना प्रभारी राकेश यादव ने बताया 2 अक्टूबर 2025 दशहरा के दिन खेल मैदान कुनकुरी में रावण दहन के कार्यक्रम में अव्यवस्था फैलाने एवं रावण को मुख्य अतिथि के निर्धारित समय से पहुंचने के पहले दबंगई दिखाते हुए समिति की अनुमति के बिना जला देने एवं मारपीट की घटना कि लिखित शिकायत समिति से प्राप्त हुई है।

उस पर जांच करते हुए भारतीय न्याय संहिता कि विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीकृत कर लिया गया है और आरोपीयों की पता तलाशी एवं गिरफ्तारी की प्रक्रिया जा रही है1 सनातन धर्म दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीपक हेडा ने बताया कि रावण दहन में समिति के आयोजन को असफल करने एवं जन सुरक्षा को खतरे में डालने वाले पंकज अग्रवाल को मौके पर भी समझाया गया, परंतु उसके द्वारा मुझे भी गली गलोच एवं मारपीट धक्का मुखी की गई1 तब भी समिति ने कोई कार्रवाई नहीं चाहिए थी1 लेकिन पंकज अग्रवाल द्वारा सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर खुद के द्वारा की गई गुंडागर्दी की रील बनाकर एक डायलॉग अपलोड किया गया है कि मुझे ना पैसे की परवाह है और ना पावर का खौफ इस बात से कुनकुरी नगर के युवा एवं समिति के सदस्यों में आक्रोश उत्पन्न हो गया,और सनातन धर्म दुर्गा पूजा समिति के रावण दशहरा समिति के सभी सदस्यों ने थाने कुनकुरी में जाकर पंकज अग्रवाल के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है1 हमारा उद्देश्य भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो उसको रोकना है, एवं सनातन एवं धार्मिक कार्यों में बधा करित करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह संदेश पहुंचाना है कि भूल की माफी है,पर अपराध के लिए तो दंड ही मिलना चाहिए 1




## मछली पालन आय का उत्तम साधन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मछली पालन अर्थात जलीय कृषि करने वाले किसानों को बढ़ावा देने के लिए राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने हेतु खेती किसानी के साथ-साथ अन्य रोजगार से जोड़ा जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है। मत्स्य विभाग द्वारा शासकीय तालाब को पट्टे पर देकर मछली पालन कार्य हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीच के साथ ही विभागीय योजना अंतर्गत निःशुल्क जाल और आईस बॉक्स भी दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मनोरा विकासखण्ड में श्री गणेश महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मनोरा के बथानडीपा शासकीय तालाब को पट्टे पर लेकर मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। समूह की अध्यक्ष गुड़यि साहू ने बताया कि गणेश महिला स्व सहायता समूह की 11 महिलाओं द्वारा मनोरा में शासकीय तालाब को पट्टे पर लेकर मछली पान का कार्य किया जा रहा है।



## संजय बेक फेडरेशन के पुनः विकासखंड अध्यक्ष चुने गए

**जशपुरनगर।** संख्या की दृष्टि से प्रदेश के सबसे बड़े कर्मचारी संगठन सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के जशपुर विकासखंड के विकासखंड अध्यक्ष चुनाव रविवार को संपन्न हुआ, जिसमें फेडरेशन के विधि मान्य सदस्यों द्वारा सर्वमान्य रूप से संजय बेक को आगामी 3 वर्ष के कार्यकाल हेतु पुनः अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए गए।

ज्ञातव्य है कि फेडरेशन उन गिने-चुने कर्मचारी संगठनों में से एक है जिनमें पदाधिकारियों का निश्चित कार्यकाल होता है, और कार्यकाल पूर्ण होने पर पुनः चुनाव द्वारा पदाधिकारी चयनित होते हैं। फेडरेशन में आम शिक्षक सदस्य भी चुनाव लड़ सकते हैं। यही बात फेडरेशन को अन्य शिक्षक संगठनों से अलग बनाती है। इस उपलक्ष्य पर फेडरेशन विकासखंड जशपुर के फाउंडर मेंबर में से एलन साहू एवं रवि गुप्ता द्वारा नव नियुक्त अध्यक्ष संजय बेक को पुष्प गुच्छ एवं हार पहनाकर स्वागत किया गया। शिक्षक अवनीश पांडे ने कहा कि समाज में शिक्षकों का स्थान बहुत ऊंचा होता है और उन सबके हित के लिए नेतृत्व करना गौरव की बात होती है एवं इस हेतु उन्होंने नवनियुक्त विकासखंड अध्यक्ष संजय बेक को शुभकामनाएं दी। महिला ब्लाक अध्यक्षा मनीषा टोप्पो,कोषाध्यक्ष सुनैना तिर्की ने संगठन को मजबूती के लिए मिल कर कार्य करने का आह्वान किया।


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

**एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

..............................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. जन्मतिथि अंकों में ..............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..............................
   मोबाइल नंबर ..............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।


### बारिश में भी नही थमी कदमताल

# नारायणपुर में आरएसएस का पथ संचलन

**जशपूरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष पर अनुशासन और शौर्य का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गांव की मुख्य सड़कों से होकर स्वयंसेवकों का भव्य पथ संचलन निकाला गया। घोष की धुन पर दंड कंधे पर रख कदमताल करते स्वयंसेवकों ने सभी को आकर्षित किया।

**नगरवासियों ने पुस्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का किया स्वागतः** नारायणपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विशाल पथ संचलन निकला। जिसमे सैकड़ो गणवेशधारी स्वयंसेवक घोष की धुन पर कदमताल करते हुए निकले। जिनका जगह-जगह नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस कार्यक्रम में भव्य पथ संचलन और मुख्य अथिति देवराज यादव के द्वारा भारत माता के चित्र पर एवं शस्त्र पूजन किया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर

### शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों का अनुशासित प्रदर्शन



**शास्त्र पूजा के उपरांत शुरू हुआ पथ संचालनः** कार्यक्रम की शुरुआत स्वयं सेवकों ने भारत माता, संघ संस्थापक डॉ. केशव राव बलीराम हेडगेवार और माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर की। शस्त्र पूजन के बाद स्वयं सेवकों ने वाद्य यंत्रों के साथ पथ संचलन शुरू किया। पथ संचलन नारायणपुर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय से प्रारंभ होकर रानीकोम्बो,कन्या छात्रवास,ग्रामीण बैंक,अटल चौक जय स्तम्भ चौक होते हुए पूरे गांव में भ्रमण किया और पुनः उसी स्थान पर समाप्त हुआ। रास्ते में गांव के लोगों ने स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धक स्वागत किया और जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

### बारिश भी नहीं डगमगा सकी कदम

स्वयंसेवकों ने बारिश में भीगते हुए अनुशासित पंक्तियों में कदमताल किया। तेज वर्षा और फुहारों के बावजूद स्वयंसेवकों के कदम थमे नहीं। घोष और गीत की गूंज के बीच जब स्वयंसेवक अनुशासन की धारा में प्रवाहित हुए तो वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो उठा।

### राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा पहुंचने का संकल्प


संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शताब्दी वर्ष का यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता और राष्ट्र सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने का माध्यम है। स्वयंसेवकों ने समाज के हर वर्ग तक सेवा कार्य और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा पहुंचाने का संकल्प लिया।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH









## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : **96308-91863**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863

खबर संक्षेप

## वित्त मंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री का किया स्वागत

**रायगढ़।** रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आत्मीय स्वागत करते हुए सूबे के वित्त मंत्री व विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने कहा कि आपके सशक्त नेतृत्व और मार्गदर्शन से प्रदेश की सुशासन सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। आपके सहयोग से सुरक्षा, विकास और जनसेवा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने नई ऊंचाइयों को छुआ है।

## ग्राम पंचायत छाल में मनी गांधी जयंती

**कुड़ेकेला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन व अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के श्रीमती प्रिया रजक के आदेशानुसार 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत छाल में गांधी जयंती मनाया गया। इस दौरान वहां शिक्षक, ग्राम पंचायत सरपंच मालती राठिया, पंचगण और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पैरा लिगल वॉलिंटियर मौशमी शर्मा द्वारा विधिक साक्षरता का उद्देश्य बताते हुए नालसा योजना के बारे में नालसा हेल्पलाइन 15100, महिला हेल्पलाइन 181 पर आवश्यकता पड़ने पर कॉल करने की बात कही गई।

## सेवा पखवाड़ा के अवसर पर स्कूल में पौधरोपण



**रायगढ़।** सेवा पखवाड़ा पर्व के अवसर पर एकलव्य आदर्श विद्यालय छर्राटांगर में पौधरोपण एवं सेवा पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, अन्य जनप्रतिनिधि सहित स्कूली छात्राओं ने विद्यालय परिसर में आम, अमरूद, लीची, पीपल और काजू के पौधे रोपे और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधारोपण को जरूरी बताया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि जीवनदायनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत वृक्ष है, इसकी आवश्यकता सभी को समझनी होगी। मौके पर बीडीसी श्रीमती अंबिका मुकेश राठिया, सरपंच छर्राटांगर श्रीमती सुखमती श्रीकांत राठिया, प्राचार्य मनीराम जांगड़े, उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा मनमोहन मिश्रा, वन परिक्षेत्राधिकारी घरघोड़ा चंद्रकुमार राठिया उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारी पुसौर द्वारा मां दुर्गा की चैतन्य झांकी

**पुसौर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पुसौर द्वारा आयोजित मां दुर्गा की चैतन्य झांकी संपन्न हुई। ज्ञानामृत का वरदान देने वाली ब्रह्मकुमारीज बहनें जब देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो यह निर्णय करना मुश्किल हो जाता है कि यह सजीव है या जड़ मूर्तियां इनके सम्मुख बैठने से मानसिक शांति के साथ साथ बेहद आत्मीयता और अलौकिकता की अनुभूति होती है। हम सभी अपने आसपास के लोगों में देवी देवताओं का स्वरूप देखें तो समाज में फैली नकारात्मकता को रोका जा सकता है। ब्रह्माकुमारीज़ बहनों द्वारा प्रस्तुत यह झांकी इस गूढ़ संदेश को बहुत सुंदरता से जनजन तक पहुंचा रही है। इसके साथ ही संस्था प्रमुख राजयोग शिक्षिका जेमा बहन एवं सीता बहन द्वारा नगरवासियों को तनाव मुक्त एवं खुशनुमा जीवन के लिए निःशुल्क सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन कोर्स हेतु स्थानीय सेवा केंद्र में आमंत्रित किया गया है।

## 8 अक्टूबर तक मनाया जाएगा कुष्ठ जागरूकता सप्ताह

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 8 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना, रोग की शीघ्र पहचान और पूर्ण उपचार के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

### आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में हुई ऐतिहासिक पहल

# आदि कर्मयोगी अभियान : जिले के 315 ग्रामों का विजन 2030 विशेष ग्राम सभाओं में हुआ पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना आदि कर्मयोगी अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रायगढ़ जिले के सभी 315 आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इन ग्राम सभाओं के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत ने अपनी ग्राम कार्ययोजना एवं ग्राम विजन 2030 को पारित किया। यह विजन दस्तावेज आने वाले वर्षों के लिए ग्रामों के समग्र एवं सतत विकास का खाका प्रस्तुत करेगा।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे ने बताया कि सभी ग्राम सभाओं द्वारा पारित ग्राम कार्ययोजनाओं को संकलित कर जिला स्तर पर समग्र कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके उपरांत यह योजना 12 अक्टूबर तक राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत चयनित ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जिन्हें एकल खिड़की प्रणाली के तहत संचालित किया जाएगा। इन केंद्रों से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रशासनिक सेवाएं जनजातीय अंचलों के अंतिम छोर तक पहुंच सकें। बता दें कि आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ 10 जुलाई को किया गया था। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में शासन की सेवाओंए योजनाओं और ढांचागत सुविधाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिले में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है, जो ग्राम स्तर पर विकास कार्यों के समन्वय में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही 20 आदिवासी युवाओं का कैडर भी तैयार किया गया है, जो ग्राम कार्ययोजना निर्माण में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विकास के लिए ठोस दिशा प्रदान कर रहे हैं।

अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आदि सेवा पर्व मनाया गया। इस दौरान 315 ग्रामों में सेवा शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें ग्रामीणों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान कार्ड, पीएम जनधन खाता सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जनजागरण और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शिविरों में नुक्कड़ नाटक, ट्रांजैक्ट वॉक एवं सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों की आकांक्षाओं एवं प्राथमिकताओं को सीधे विकास योजना का हिस्सा बनाया गया। विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों ने अपने गांव के विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, कृषि, स्वरोजगार, पोषण एवं आजीविका से जुड़ी मांगों को प्राथमिकता देते हुए साझा ग्राम विजन 2030 तैयार किया।

# फ्लाईएश की अवैध डंपिंग बंद नहीं होने पर होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुंदरगढ़



■ सुंदरगढ़ भाजपा और ट्रक मालिक संघ ने 5 अक्टूबर से परिवहन ठप करने की घोषणा

जिले में फ्लाईऐश के अवैध डंपिंग को लेकर भारतीय जनता पार्टी भाजपा सुंदरगढ़ जिला इकाई और यूनाइटेड फ्लाईऐश ट्रक ओनर्स एसोसिएशन डर्लीपाली ने कड़ा रुख अपनाया है। दोनों संगठनों ने 5 अक्टूबर रविवार से फ्लाईऐश परिवहन पूरी तरह बंद करने की घोषणा की है।

इस संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष और एसोसिएशन के महासचिव ने सुंदरगढ़ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि अवैध स्थानों पर फ्लाईऐश के डंपिंग की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण और जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। पत्र में कहा गया है कि इस मुद्दे पर 22 सितंबर को जिला प्रशासन को सूचना देने के बावजूद न तो कोई ठोस कदम उठाया गया और न ही दोषियों पर कार्रवाई की गई। इससे नाराज होकर दोनों संगठनों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल, प्रदर्शन और परिवहन गतिविधियां स्थगित करने का निर्णय लिया है। पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, पुलिस अधीक्षक सुंदरगढ़, उपजिलाधिकारी सुंदरगढ़, एनटीपीसी डर्लीपाली के प्रमुख और भस्मा पुलिस थाने के आईआईसी को भी भेजी गई है।

ज्ञात हो की राज्य एनसीपी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने बीते दिनों यह गंभीर मुद्दा एसपीसीबी प्रदूषण नियंत्रण विभाग व अन्य प्रशासनिक अमलों की नाकामी व मिलीभगत का नतीजा है कहते हुए ध्यानाकर्षण किया था। भाजपा और ट्रक मालिक संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक प्रशासन अवैध डंपिंग पर रोक लगाने और दोषियों पर कार्रवाई करने के ठोस कदम नहीं उठाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

घरघोड़ा पुलिस ने मृतक के बेटे और एक अन्य आरोपी को किया गिरफ्तार

# मुआवजा राशि के बंटवारे को लेकर सास-दामाद की हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



घरघोड़ा पुलिस ने रायकेरा में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का खुलासा महज़ 24 घंटे में करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि हत्या का कारण एनटीपीसी मुआवजा राशि के बंटवारे को लेकर चल रहा पुराना विवाद था।

दरअसल 3 अक्टूबर को ग्राम रायकेरा के कोटवार सकिर्तन राठिया ने पुलिस को सूचना दी थी कि गांव के घुराउ राम सिदार 55 वर्ष और उनकी सास सुकमेत उर्फ सुखमेत सिदार 70 वर्ष का शव उनके ही घर की परछी में पड़ा है। दोनों की गला घोंटकर हत्या की गई थी। सूचना मिलते ही एसडीओपी धरमजयगढ़, घरघोड़ा पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दोनों की मौत गला दबाने और मारपीट के कारण होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

मामले की गहराई से जांच में पुलिस को शक के घेरे में आए मृतक के बेटे रविशंकर सिदार और रामप्रसाद सिदार से पूछताछ की गई। दोनों ने पूछताछ में जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मृतक और मृतिका का आरोपी रामप्रसाद के बीच एनटीपीसी के मुआवजा रकम को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पहले भी कई बार इनका झगडा विवाद हो चुका था, मृतक का बेटा रविशंकर सिदार, रामप्रसाद सिदार के उकसाने पर पूर्व में अपने पिता मृतक घुराउ राम सिदार के साथ कई बार मारपीट कर चुका था। इसी रंजिश में 2 अक्टूबर की शाम को रविशंकर सिदार और रामप्रसाद सिदार एक साथ मिले और रविशंकर ने अपने पिता घुराउ राम की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना को देखकर जब घुराउ राम की सुखमेत ने विरोध किया तो उसकी भी आरोपियों ने गला दबाकर हत्या कर दी गई।

## केंद्रीय छठ पूजा समिति ने एडीएम से की मुलाकात

**राउरकेला।** आगामी छठ पर्व की तैयारी को लेकर शनिवार को केंद्रीय छठ पूजा समिति की ओर से शहर के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एकजुट होकर एडीएम राउरकेला से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख छठ घाटों की सफाई, मरम्मत और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति के कोऑर्डिनेटर व दूत के संयोजक कृष्णा साहू ने किया। प्रतिनिधियों ने बताया कि घाटों की जर्जर स्थिति, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की तत्काल सुधार आवश्यक है ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो वहीं मरम्मत कार्य व अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम समय में न कर जल्द आरम्भ करने की अपील की। एडीएम ने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक सुविधाएं और समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि राउरकेला में छठ पूजा शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हो सके।

# रजत जयंती वर्ष पर कौशल सप्ताह का आयोजन 6 से 10 अक्टूबर तक

■ युवाओं के लिए आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधि

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कौशल विकास विकास प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा 6 से 10 अक्टूबर 2025 तक कौशल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता से जोडऩे की पहल की जाएगी।

जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशल सप्ताह के अंतर्गत 6 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। इसी तरह 7 अक्टूबर को रोजगार मेला, उद्यमिता एवं लोन के संबंध में कार्यशाला तथा उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान का आयोजन होगा। जिसमें प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार हेतु उपलब्ध ऋण सुविधा से युवाओं को अवगत कराया जाएगा एवं उनसे आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही युवाओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रोत्साहित करने विभिन्न सेक्टर के विषय विशेषज्ञों का व्याख्यान होगा।

8 अक्टूबर को कौशल उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसके तहत प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक समस्त वीटीपी केन्द्र में कौशल विकास योजनान्तर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षणरत युवाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन होगा। 9 अक्टूबर को लाइवलीहुड कालेज रायगढ़ एवं 10 अक्टूबर को जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत नेतनागर में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कौशल पखवाड़ा एवं कौशल विकास योजनान्तर्गत 14 से 45 आयु वर्ग के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण हेतु मोबालाईजेशन किया जाएगा। इसी तरह 10 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में कौशल प्रशिक्षण से संबंधित अंतर्विभागीय संगोष्ठी का आयोजन होगाए जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी एवं बेहतर क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी।

## मानव सेवा की राह पर अभिनव स्कूल का एनएसएस

**पुसौर।** गांधी जयंती तारतम्य में अभिनव विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के एनएसएस के सेवाभावी छात्र-छात्राओं ने अपनी अमूल्य सेवा भावना का परिचय देते हुए भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं को शीतल जल पिलाया व भोजन वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं में हाथ बटाएं।

यह सेवा कार्य केवल प्यास बुझाने व भोजन करवाने तक सीमित नहीं रहा बल्कि इसने समाज को यह अनुपम संदेश दिया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सम्पन्न इस कार्यक्रम ने न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ाया बल्कि मां बिजाटीपलहीन धाम की पावन धरा को भी सेवा और समर्पण के दिव्य भाव से आलोकित किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुजन विद्यार्थियों की इस सेवा भावना से अभिभूत हो उठे और निरंतर जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के धार्मिक व सामाजिक सेवा कार्य को और व्यापक रूप दिया जाएगा। निःसंदेह यह आयोजन एक अनूठा उदाहरण है जहां धार्मिक आस्था और समाज सेवा का अद्वितीय संगम है। सेवा ही सच्ची साधना सेवा ही सर्वोच्च उपासना है।

# जलजीवन मिशन के ठेकेदार की मनमानी से खुडूभाठा व बरतुंगा के ग्रामीण परेशान

**कोसीर।** ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने की योजना में कई जगहों पर पाइप लाइनें बिछाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बीच पाइप बिछाने के नाम पर गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं जो अभी तक वैसे ही बने हुए हैं। बारिश के चलते इन गड्ढों में पानी जमा हो जाता हैं।

सारंगढ़ तहसील क्षेत्र में कई स्थानों पर पाइप लाइनें बिछाने का कार्य किया जा रहा है। विभाग के अनुसार गांव-गांव में पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। वहीं खुडूभाठा से बरतुंगा पहुंच मार्ग जो एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ता है, वहां जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा करीब 11 माह पहले गढ्ढा खोद कर रखा गया है, जिससे ग्रामीण सड़क में बने गड्ढे से आक्रोशित होकर जल जीवन योजना के संबंधितों के खिलाफ मुखर हो गए हैं। बारिश में बढ़ रही परेशानी को देखते हुए ग्रामीण एवं गांव के प्रधान में ठेकेदार के खिलाफ काफ़ी नाराजगी देखी जा रही है। ग्राम प्रधान ने बताया कि योजना के तहत लंबे समय से गांव में काम शुरू हुआ था। यह अभी तक किसी भी मोहल्ले में पूर्ण नहीं हुआ है। जगह-जगह पाइप लाइन का काम अधूरा छोड़ दिया है। पाइप लाइन का कार्य अधूरा होने के चलते गांव की सड़कों में बारिश के समय चलना दूभर हो गया है। इनमे चलने वाले गांव के कई लोग चोटिल हो चुके हैं। और अक्सर दो पहिया, चार पहिया वाहन इसमें फसते रहते है ग्राम प्रधान का आरोप था कि ठेकेदार लापरवाही कर रहा है।



**अनेकों गांव का हाल बेहाल**

अनेकों गांवों में जल जीवन मिशन के तहत अच्छी खासी सीसी रोड को तोड दिया गया है। अभी तक पाइप लाइन वैसे ही पड़ा है। जबकि बारिश के कारण गांव-गांव कीचड़ में तब्दील हो गए हैं, फिर भी ठेकेदार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। गड्ढों के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# नाबालिग से मारपीट वीडियो वायरल

**राउरकेला।** राउरकेला के सेक्टर-5 स्थित दीपिका ईएम स्कूल के बाहर 26 सितंबर को एक नाबालिग छात्र के साथ आधा दर्जन युवकों ने बेरहमी से मारपीट की और अपहरण कर स्कूटी में वीआईपी रोड सेक्टर-20 तक ले गए।

आरोपियों ने युवक को लात-घूसों से पीटा और उससे वायरल एक व्हाट्सएप संदेश के संबंध में पूछताछ की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मामला उजागर हुआ। पुलिस इंस्पेक्टर राकेश कुमार स्वाइ के नेतृत्व में 3 अक्टूबर को सेक्टर-7 पुलिस गश्त के दौरान वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़ित छात्र और उसके पिता की मौजूदगी में बयान दर्ज किया। पीड़ित ने आरोप लगाया की मौज खान, मोहम्मद सामिम, अरबाज, मोहम्मद युसुफ सहित कुछ अन्य युवक इस घटना में शामिल थे। पुलिस ने नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है इसके साथ इस मामले से जुड़े दो नाबालिग गिरफ्तार किए गए हैं। जिन्हें आज जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धाराएं 126(2), 296(a), 115(2), 137(2), 351(2) और 3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर गहन तहकीकात शुरू कर दी है। वायरल वीडियो पर पुलिस ने कार्रवाई में तेजी लाई है। यह मामला राउरकेला में बच्चों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। स्थानीय लोग और अभिभावक पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### गरबा महोत्सव में ...


सारथी के ग्रुप के द्वारा शानदार संगीत के माध्यम से गरबा कराया गया। कवि सम्मेलन के पश्चात छत्तीसगढ़ की जाने-माने कलाकार और जयपुर किसान खादीशा लाइव म्यूजिकल शो का आयोजन हुआ जिसमें बॉलीवुड एवं छत्तीसगढ़ के बेहतरीन गीतों के साथ लोग घूमने पर विवश हुए तथा बारिश के बीच में भी लोग गीतों और संगीतों का आनंद लेते रहे। बालाजी चंद्र समिति द्वारा आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव एवं विराट कवि सम्मेलन के कार्यक्रम मंक जयपुर के विभिन्न प्रायोजकों ने इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया था उन समस्त प्रजकों का बालाजी जन कल्याण समिति की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर के सम्मानित किया गया विदित हो कि प्रतिवर्ष सभी प्रायोजक बालाजी जन कल्याण समिति को प्रत्येक कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कर कर रहे हैं और कार्यक्रम के सफल बना रहे हैं कार्यक्रम के अंत में बालाजी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज शर्मा का मिश्र के द्वारा समस्त जयपुर वासियों को समस्त कवि गणों को एवं म्यूजिकल ग्रुप के सभी कलाकारों को धन्यवाद दिया गया कि आपने समस्त कार्यक्रम में अपना तोड़ने सहयोग दिया है साथ ही समस्त अतिथियों का एवं प्रायोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया किसी प्रकार अपनी उपस्थिति और आशीर्वाद बालाजी जन कल्याण समिति कोहमेशा बनाए रखें ताकि हम सभी आगे चलकर और भी अच्छे-अच्छे कार्यक्रम जाजपुर वीडियो के सामने प्रस्तुत करते रहे कार्यक्रम में विशेष सहयोग संजय अग्रवाल का रहा तथा बालाजीजन कल्याण समिति के समस्त महिला कार्यकर्ता गौतम झा दलित साहू राकेश मिश्रा प्रतीक श्रीवास्तव यशवंत स्वर्णकार शुभम कोट रवि भगत मनोज गौतम आशीष सतपति अनुभव सिंह विक्की ठाकुर अमन सिंह अमन गुप्ता राजू गुप्ता अजय कुशवाहा नकुल साहू कमलेश्वर सारथी उमेश साहू सभी ने अपना बहुमूल्य सहयोग कार्यक्रम में दिया तथा दिन रात एक करके कार्यक्रम को सफल बनाएं इसके लिए अध्यक्ष के द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया तथा उनकी योगदान के लिए इनको सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम का जशपुर वासियों को बहुत बेसब्री से इंतजार था इसमें बारिश के बीच लोगों का उत्साह चरम पर था कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कृष्ण कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन उपस्थित रहे तथा साथ ही अध्यक्ष बालाजी जन कल्याण समिति पंडित मनोज शर्मा का मिश्र उपस्थित रहे श्री कृष्ण कुमार राय ने कहा की जशपुर बहुत ही सौभाग्यशाली है की बालाजी जन कल्याण समिति जैसी सामाजिक संस्था जशपुर में कार्य कर रही है यह हम जशपुर वासियों के लिए गर्व का विषय है और आज जशपुर पर प्रसिद्ध कवियों का आगमन हुआ है जशपुर वासी ऐसी कार्यक्रम का इंतजार करते हैं और समस्त कवियों का जशपुर की ओर से उन्होंने अभिवादन किया और ढेर सारी शुभकामनाएं दी साथी पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन जी ने कहा जशपुर हमेशा से गौरवपूर्ण कार्य करता आया है और बालाजी जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम का स्तर बड़ा ही भव्य होता है साथ ही इनकी व्यवस्थाएं सुसज्जित होती है प्रत्येक कार्यक्रम में प्रशासनिक सहयोग इनको प्राप्त होता रहेगा और जशपुर वासी निश्चित होकर के अपने समस्त त्यौहार मान सकते हैं और समस्त कार्यक्रम का आनंद ले सकते हैं समस्त कवियों का जशपुर आने पर उन्होंने अभिवादन किया और सबको धन्यवाद दिया।

### चोरी की बुलेट के ...

से जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम भूसू निवासी भुवन सिंह उम्र 21 वर्ष चोरी की गई बुलेट मोटरसाइकिल में घूमता हुआ देखा गया है।सूचना पर थाना पत्थलगांव से पुलिस टीम तत्काल ग्राम भूसू पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी के कब्जे से वही चोरी की गई बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिसकी चोरी की रिपोर्ट पत्थलगांव में दर्ज थी। पूछताछ में भुवन सिंह ने बाइक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पत्थलगांव क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। पुलिस अपराधियों पर सख्त निगरानी रख रही है और ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

### नारायणपुर में आरएसएस ...

कार्यक्रम का नेतृत्व खण्ड संचालक इंद्र हेड़ा ने किया। इस कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक ऋषिकेश चक्रधारी ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भारतीय समाज के उत्थान और सशक्तिकरण में संघ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संघ राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए निरंतर कार्य करता आ रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन वर्ष 1925 में डॉ. हेडगेवार ने की थी।नागपुर से प्रारंभ हुआ यह संगठन आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन चुका है। संघ ने अपने कार्यकाल में समाज के हर वर्ग को संगठित करने और राष्ट्रहित में खड़ा करने का कार्य किया है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर सामाजिक पुनर्निर्माण, शिक्षा, सेवा, संस्कार और संस्कृति तक हर क्षेत्र में संघ की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। 1947 में देश की आजादी के बाद संघ ने राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयामों में योगदान दिया और समय-समय पर सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के हर वर्ग को साथ लिया। संघ का मूल ध्येय है हिंदू समाज को संगठित करना और राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाना। शाखाओं के माध्यम से शारीरिक, बौद्धिक और नैतिक प्रशिक्षण देकर संघ स्वयंसेवकों में अनुशासन, त्याग और सेवा की भावना का संचार करता है। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने की उपलब्धियों और संगठन की राष्ट्रसेवा के कार्यों को याद किया।कार्यक्रम ने न केवल संघ की परंपरा और अनुशासन का संदेश दिया बल्कि ग्रामीणों में उत्साह और संगठन के प्रति सम्मान की भावना भी बढ़ाई। इस अवसर पर संघ के कार्यक्रम के मुख्य अथिति देवराज यादव,जिला प्रचारक ऋषिकेश चक्रधारी,खंड संचालक इंद्र हेड़ा,खण्ड कार्यवाहक अशोक चौहान,सह खंड कार्यवाहक देवचरण चौहान,मंडल पालक राजकुमार चौहान,मंडल संयोजक रामकृत नायक,सह संयोजक टिकेश्वर यादव,खंड कार्यवाहक सन्तु राम, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411